नईदुनिया





WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**• क्या 5 अगस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंदीदा तारीख है?**

लोगों का कहना है कि 5 अगस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए शुभ तिथि है। देखते हैं कि वे अगले सप्ताह क्या कदम उठाते हैं।

**• प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज**

गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मुलाकात ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलों को जन्म दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने आधिकारिक तस्वीरें साझा कीं, हालांकि मुलाकात के एजेंडा या चर्चा के बिंदुओं के बारे में कोई औपचारिक जानकारी जारी नहीं की गई। यह बैठक संसद के मानसून सत्र के दौरान और मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के माहौल में हुई। इससे पहले उसी दिन, प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की चौथी विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत पर बढ़ते संघर्ष के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। सीसीएस समीक्षा के दौरान, प्रधानमंत्री ने संबंधित मंत्रालयों और विभागों को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए परिचालन समन्वय को मजबूत करने का निर्देश दिया। प्रमुख प्राथमिकताओं में भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करना, उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना और देश के भीतर और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा करना शामिल था। हालांकि आधिकारिक चैनलों द्वारा राष्ट्रपति की यात्रा को एक सामान्य प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन विधायी कार्यवाही और सुरक्षा बैठकों के एक साथ होने के कारण राजनीतिक हलकों में संभावित प्रशासनिक परिवर्तनों को लेकर हलचल बनी हुई है।

**• क्या मंत्रिमंडल फेरबदल में बंसुरी स्वराज को जगह मिलेगी?**



राजनीतिक हलकों में इस बात की अटकलें तेज हैं कि नई दिल्ली से पहली बार लोकसभा सांसद बनीं बंसुरी स्वराज बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल फेरबदल में राज्य मंत्री पद की प्रबल दावेदार के रूप में उभर रही हैं। पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री होने के नाते, बंसुरी की राजनीतिक विरासत काफी प्रतिष्ठित है। हालांकि, उनकी हालिया सफलता में उनकी कानूनी सूझबूझ और संसद में उनके ऊर्जावान प्रदर्शन का भी उतना ही योगदान है। स्वराज को मंत्रिपरिषद में शामिल करने से सत्ताधारी पार्टी को कई रणनीतिक लाभ मिलेंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी को प्रमुख प्रतिनिधित्व मिलेगा, महिला नेतृत्व को मजबूती मिलेगी और शासन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक कुशल और युवा चेहरा सामने आएगा।

**• प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक बार फिर युवाओं को संबोधित किया**

सार्वजनिक परीक्षा विधेयक के सफल पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आधिकारिक फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक और वीडियो संदेश जारी किया। यह छोटा वीडियो प्रधानमंत्री द्वारा अपनाई गई संचार की नई शैली का हिस्सा है। हाल के हफ्तों में उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर देश के युवाओं को सीधे संबोधित करने के लिए सोशल मीडिया पर तीन से चार ऐसे वीडियो संदेश साझा किए हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने अपने मंत्रियों को भी इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवा पीढ़ी के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। अपने नवीनतम संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कानून राज्यों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उन्होंने देश की परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि परीक्षा संबंधी अपराधों से निपटने के लिए त्वरित अदालतें चलाई जाएंगी और प्रश्नपत्र लीक करने तथा अन्य अनियमितताओं में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। श्री मोदी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार ऐसे अपराधों के खिलाफ कानूनी ढांचे को मजबूत करना जारी रखेगी और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत की परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष, पारदर्शी और किसी भी प्रकार की हेराफेरी से मुक्त रहे।

## प्रशासनिक

**• महाराष्ट्र : राज्य के सबसे युवा कलेक्टर**

आईएएस मंदार पटकी, गोंडिया जिले के जिला मजिस्ट्रेट, महाराष्ट्र राज्य के सबसे युवा कलेक्टर हैं। 1996 में जन्मे पटकी महाराष्ट्र कैडर के 2020 बैच से संबंधित हैं।

**• डीआरडीओ के नए अध्यक्ष कौन होंगे?**

डीआरडीओ के अध्यक्ष पद के लिए साक्षात्कार संपन्न हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, उच्चस्तरीय समिति ने 15 शीर्ष वैज्ञानिकों का साक्षात्कार लिया। सूत्रों के मुताबिक, आयुध एवं युद्ध अभियांत्रिकी (एसीई) क्लस्टर के महानिदेशक प्रतीक किशोर और मिसाइल एवं सामरिक प्रणाली के महानिदेशक डॉ. जगन्नाथ नायक इस पद के प्रमुख दावेदार हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार प्रणाली (ईसीएस) क्लस्टर के महानिदेशक बी.के. दास का नाम भी चर्चा में है।

**• क्या आईपीएस अजय रानाडे कोलकाता के नए पुलिस आयुक्त बनेंगे ?**

सूत्रों के मुताबिक, स्वतंत्रता दिवस के बाद कानून व्यवस्था के महानिदेशक अजय मुकुंद रानाडे को कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया जा रहा है। वे पश्चिम बंगाल कैडर के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



**• क्या अजय नंद पश्चिम बंगाल में नए महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) बनेंगे?**

कोलकाता के वर्तमान पुलिस आयुक्त अजय नंद को पश्चिम बंगाल में नया महानिदेशक (कानून व्यवस्था) नियुक्त किए जाने की संभावना है। वे पश्चिम बंगाल कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

**• ओडिशा में आईपीएस अधिकारियों की कमी**

ओडिशा में आईपीएस अधिकारियों की भारी कमी है, क्योंकि अधिकारियों की संख्या स्वीकृत संख्या से काफी कम है। ओडिशा में आईपीएस अधिकारियों की स्वीकृत संख्या 195 है, लेकिन वर्तमान में केवल 132 अधिकारी ही कार्यरत हैं, जिससे 63 रिक्तियां रह गई हैं, जो देश में सबसे अधिक रिक्तियों में से एक है।

**• पीईएसबी ने निदेशक (उत्पाद एवं उत्पादन) मॉयल के लिए घट्टवार की सिफारिश की**

पीईएसबी ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के महाप्रबंधक (खनन) रविंद्र घट्टवार के नाम की सिफारिश मैंगनीज अयस्क (इंडिया) लिमिटेड (एमओआईएल) में निदेशक (उत्पादन और योजना) के पद के लिए की है।

**• आरवीएनएल ने बीआरएसएलएन मूर्ति को कार्यकारी निदेशक (सिविल) के पद पर पदोन्नति**

आरवीएनएल ने 29 जुलाई, 2026 को बीआरएसएलएन मूर्ति को कार्यकारी निदेशक (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया, जिससे रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं में सिविल इंजीनियरिंग नेतृत्व को मजबूती मिली। स्रोत: पीएसयू कनेक्ट (29 जुलाई, 2026 को प्रकाशित)।

**• एचएएल ने सीएमडी कोटा रवि का निदेशक (ऑपरेशन) के रूप में अतिरिक्त प्रभार बढ़ाया**

रक्षा अभियानों में निरंतरता बनाए रखने के लिए, एचएएल ने अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कोटा रवि का निदेशक (संचालन) के रूप में अतिरिक्त प्रभार 29 जुलाई, 2026 तक बढ़ा दिया है।

### मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाया जाए

# अधिक से अधिक किसानों के मेधावी बच्चों को किया जाए आच्छादित : मुख्यमंत्री

### राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 172वीं बैठक



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के मेधावी बच्चों (पाल्यों) के लिए संचालित मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 172वीं बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के 3025.49 करोड़ के बजट सहित किसान कल्याण, कृषि विपणन एवं मंडी व्यवस्था से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों का आधुनिकीकरण एवं पुनरोद्धार करते हुए उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए, ताकि किसानों को बेहतर, पारदर्शी एवं सुविधाजनक विपणन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने मंडियों में पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मंडी स्थलों में पीपीपी मॉडल पर कृषि उपज प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए नियमों को अधिक व्यवहारिक एवं निवेश अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य, मूल्य संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकाधिक मंडियों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) प्लेटफॉर्म से जोड़ने, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन से अधिकाधिक किसानों को जोड़ने तथा प्रत्येक जनपद में ऑर्गेनिक उत्पादों के सर्टिफिकेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित आय-व्यय अनुमान तथा वर्ष 2026-27 के बजट को अनुमोदित किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए 2228.59 करोड़ की अनुमानित प्राप्तियों तथा 3025.49 करोड़ के व्यय प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की मंडी समितियों की आय वर्ष 2024-25 के 1991.33 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 2305.80 करोड़ पहुंच गई है। यह 15.79 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। बजट में मंडी स्थलों के निर्माण एवं विस्तार, संपर्क मार्गों के निर्माण एवं मरम्मत, ग्रामीण हाट, किसान बाजार, गोवंश आश्रय स्थलों, छात्रावास निर्माण, मंडी समितियों के लिए भूमि क्रय तथा अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। पूर्व से स्वीकृत निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 1212.02 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। संचालक मंडल ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना की अवधि एक जुलाई 2025 से 30 जून 2030 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

## भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा : जिलाधिकारी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को तहसील सदर स्थित निर्वाचन कार्यालय के ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी कार्यशीलता, कंट्रोल रूम की व्यवस्था, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों की सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहरी हिस्से में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सुरक्षा गार्डों की शिफ्टवार तैनाती, प्रवेश नियंत्रण तथा वेयरहाउस की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पारित होना ऐतिहासिक कदम : केशव प्रसाद मौर्य



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यसभा में 'लोक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026' के पारित होने का ऐतिहासिक कदम बताया है। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्यसभा में 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' का पारित होना देश के करोड़ों मेहनती एवं प्रतिभाशाली युवाओं के हितों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार यह विधेयक परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह महत्वपूर्ण कदम परीक्षा माफियाओं और अनुचित साधनों पर प्रभावी अंकुश लगाकर योग्य अभ्यर्थियों के परिश्रम को उनका उचित सम्मान दिलाने का कार्य करेगा। एक मजबूत, ईमानदार और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था ही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है, और यह विधेयक उसी संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है।

### अर्थव्यवस्था को बूस्ट देती है कांवड़ यात्रा, व्यापारियों की भरेगी झोली

# कांवड़ यात्रा उत्तर भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा 'इकोनॉमी बूस्टर'

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** कांवड़ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तर भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा 'इकोनॉमी बूस्टर' है, जो हर साल 1,000 करोड़ रुपये से लेकर 5,000 करोड़ रुपये तक का बड़ा टर्नओवर पैदा करती है।

सावन के महीने में करोड़ों कांवड़ियों की आवाजाही से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, और दिल्ली जैसे राज्यों में व्यापारिक गतिविधियां चरम पर पहुंच जाती हैं। गौरतलब है कि 30 जुलाई को सावन महीने की शुरूआत के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है, जो 11 अगस्त सावन शिवरात्रि तक चलेगी।

यात्रा के दौरान लाखों बांस की कांवड़, मटके, पीतल-प्लास्टिक के डिब्बे, सजावटी सामान, झंडे और टी-शर्ट का बड़े पैमाने पर उत्पादन और बिक्री होती है। कांवड़ सीजन के दौरान सहारनपुर में मुख्य रूप से टी-शर्ट सहित कुल होजरी और धार्मिक कपड़ों का कारोबार 50 करोड़ से 150 करोड़ रुपये तक का होता है। अकेले समग्र कांवड़ सामग्री और कपड़ों का यह बाजार कई बार अनुमानित रूप से 150 से 200 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाता है। कारोबारी वैभव कंबोज कहते हैं कि होजरी कारोबरियों को दिल्ली, उत्तराखंड और यूपी के कई जिलो से टी-शर्ट के भारी भरकम ऑर्डर मिले हैं।

इस बार बाजार में महाकाल और भोलेनाथ की प्रिंट वाली ड्रेस की सबसे ज्यादा मांग है। मोदी योगी वाली टी-शर्ट की भी डिमांड में हैं। करीब 50 नए डिजाइन इस सीजन में बाजार में आए हैं। बाजार में 150 रुपये से 700 रुपये तक की टी-शर्ट, 50 से 150 रुपये तक के भगवा गमछे, 100 से 1000 रुपये तक की कांवड़ सजावट सामग्री और विभिन्न कीमतों में रुद्राक्ष माला, कलाई बैंड व शिव स्टिकर उपलब्ध हैं।

इसके अलावा एलईडी लाइट, रंग-बिरंगी झालर और सजावटी सामग्री से कांवड़ को आकर्षक बनाने का चलन भी बढ़ा है। व्यापारियों का मानना है कि हर वर्ष कांवड़ यात्रा उनके कारोबार में नई ऊर्जा लेकर आती है।

नजीबाबाद में लकड़ी की टोकरियां बनाने वाले समीर कहते हैं कि इस बार टोकरियों की मांग बहुत ज्यादा है। हमारे कारीगर सालभर इस पर लगे रहते हैं। प्लास्टिक जेरिकेन का विकल्प अभी भी खोजा जा रहा है।

# डीआईजी ने दुग्धेश्वरनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

### कांवड़ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, देवरिया :** गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एस. चन्नप्पा ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर एवं अन्य अधिकारियों के साथ रुद्रपुर स्थित प्रसिद्ध दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल प्वाइंट तथा पुलिस ड्यूटी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ रुद्रपुर कस्बे तथा गौरीबाजार थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। डीआईजी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर सतर्क निगरानी रखने तथा कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा।

## श्रावणी मेलाः बाघ एक्सप्रेस का मनकठा स्टेशन पर होगा अस्थायी ठहराव

**मुरादाबाद।** श्रावणी मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 13019 व 13020 हावड़ा-काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस का मनकठा स्टेशन पर 28 अगस्त तक दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस का मनकठा स्टेशन पर आगमन सुबह 05:35 बजे और मनकठा स्टेशन से प्रस्थान सुबह 5:37 बजे होगा। गाड़ी संख्या 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस का मनकठा स्टेशन पर आगमनः रात्रि 00:30 बजे और मनकठा स्टेशन से प्रस्थानः रात्रि 00:32 बजे होगा। सीनियर डीसीएम के अनुसार यह अस्थायी ठहराव श्रावणी मेला-2026 के दौरान यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदान किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन के समय एवं अन्य जानकारी रेलवे के अधिकृत माध्यमों से प्राप्त कर अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## आपका राशिफल 01 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 3 5 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक 3 6 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

## हमीरपुर में पहली बार कांवड़ लाए कावंड़ियों का जोरदार स्वागत



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के चलते मौदहा कस्बे में पहली बार कांवड़ में गंगाजल लेकर आए कावंडियों का लोगों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। कावड़ियों ने कस्बे के मंगी पुरवा स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाऐगा।

मौदहा कस्बे के कुछ शिवभक्त युवा पहली बार कानपुर के बिठूर घाट में कांवड लेकर गंगाजल लेने गए थे। शुक्रवार को जैसे ही कावडियें कस्बे के नेशनल कॉलेज के निकट पहुंचे। कस्बे वासी ढोल नगाड़े और डीजे लेकर उनके स्वागत के लिए पहुंच गए और फूल मालाओं से कावड़ियों का स्वागत किया। इसके बाद जुलुस की शक्ल में भक्ति गीतों और भोले के जयकारों के साथ कावडियों का जत्था कस्बे का भ्रमण करते हुए अपने गंतब्य स्थान पर पहुंचा जहां पर मंगीपुरवा स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा।

## लमही महोत्सव में याद किए गए उपन्यास सम्राट प्रेमचंद

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर शुक्रवार को उनके पैतृक गाँव लमही में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 'लमही महोत्सव' का आयोजन किया गया।

लमही स्थित उनके स्मारक स्थल पर मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर सदस्य विधान परिषद (एम.एल.सी.) धर्मेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में एमएलसी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने कल्पना से अधिक वास्तविक जीवन को महत्व दिया। उन्होंने किसानों की गरीबी, जमींदारी प्रथा, जातीय भेदभाव, महिलाओं की स्थिति, भ्रष्टाचार, शोषण और सामाजिक कुरीतियों को अपनी रचनाओं का विषय बनाया। उनकी भाषा सरल, सहज और आम बोलचाल की थी, जिससे उनकी रचनाएं हर वर्ग के लोगों तक पहुंचीं। उनकी कहानियां केवल मनोरंजन नहीं करतीं, बल्कि समाज को सोचने और बदलने की प्रेरणा भी देती हैं।

महोत्सव में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि बचपन में हम सभी ने ईदगाह कहानी पढ़ी हैं और दादी व हामिद की भावनात्मक बातें सुनीं हैं। कैसे वो लड़का अपनी दादी के लिए मेले से चिमटा ले आता है। जिलाधिकारी ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी कफ़न के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने आने पीढ़ी के लिए बहुत कुछ छोड़ा है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे नागरी प्रचारिणी सभा जाने का भी मौका मिला। मैंने वहीं जाकर जाना कि लमही में उन्हें एक मौलवी के द्वारा प्रारंभिक शिक्षा मिली। जिलाधिकारी ने बताया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कुलपति प्रो.अजित कुमार चतुर्वेदी से बात कर यहाँ के संग्रहालय सहित अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।